

# नर्मदा का रौद्र रूप,इंदिरा सागर के 12 और ओंकारेश्वर के नौ गेट खोले

नवभारत न्यूज

**खंडवा-नर्मदानगर। इस सीजन में पहली बार इंदिरा सागर और ओंकारेश्वर बांध के गेट खोले गए हैं। इंदिरा सागर के 10 गेट आधा मीटर और दो गेट एक-एक मीटर खोले गए हैं। फुल स्पीड से 1000 मेगावाट बिजली बनाकर भी पानी रिलीज किया जा रहा है।**

इधर, ओंकारेश्वर बांध में भी पानी ओवरफ्लो हो गया है। नौ गेट खोलकर बिजली भी अधिक मात्रा में बनाई जा रही है। खंडवा के सुक्ता और नागचुन तालाब भी लबलब हो गए हैं। मतलब बारिश का खंडवा जिले में फुल डोज हो गया है। किसानों को भी राहत मिली है। सोयाबीन की जगह अधिकतर मक्का की फसल बोई गई है, जो फायदेमंद साबित हो रही है।



### हंडिया तरफ से आ रहा पानी

इंदिरा सागर पावर स्टेशन में ऊपरी क्षेत्रों में हो रही बारिश के कारण जल स्तर में बढ़ोतरी होती जा रही है। रविवार शाम तक 259.06 मीटर जल स्तर पहुंच गया है। हंडिया की तरफ से पानी की आवक करीब 8000 क्यूमैक्स बताई गई है।

### इंदिरा सागर के 12 गेट खोले

इंदिरा सागर बांध प्रबंधन ने रविवार को सुबह 4 बजे के करीब 12 गेट खोले गए हैं। इसमें 10 गेट आधा मीटर तक खोले गए। दो गेट 1 मीटर तक खोले गए हैं। बांध से पानी का डिस्चार्ज करीब 1620 क्यू मैक्स एवं विद्युत गृह

की आठ टरबाइन चलकर 1000 मेगावाटविद्युत उत्पादन कर 1840 क्यूमेक्स पानी निरंतर छोड़ा जा रहा है। बांध एवं विद्युत गृह से 3460 कयूमैक्स पानी का डिस्चार्ज हो रहा है।

### सोमवार को खुल सकते हैं और गेट

इसी रफ्तार से पानी बढ़ता रहा तो सोमवार दोपहर बाद गेटों की मात्रा बढ़ाई जा सकती है, या जो गेटों से पानी छोड़ा जा रहा है उनसे भी पानी की मात्रा बढ़ाई जा सकती है।

रविवार अवकाश होने के कारण भी नर्मदानगर में पर्यटकों का जमावड़ा देखा गया। बांध स्थल पर ब्रिज पर से बांध का नजारा देखने के लिए आसपास के ग्रामीण भी पहुंचे।



## एक नजर में

### शिव महापुराण कथा 1 अगस्त से एवं पार्थेश्वर शिवलिंगों का निर्माण कर पूजन 3 अगस्त को

**खंडवा।** आनंद उत्सव समिति खंडवा के तत्वावधान में शिव महापुराण कथा एवं पार्थेश्वर निर्माण एवं पूजन का आयोजन उज्जैन के आचार्य श्री स्वामी रामस्वरूप बह्माचारी महाराज जी के मुखारविंद से 01अगस्त से 07 अगस्त तक प्रतिदिन दोपहर 12 बजे से शाम 4 बजे तक किया जायेगा।वही आयोजन के दौरान पार्थेश्वर निर्माण एवं पूजन का आयोजन 03अगस्त रविवार को होगा। समिति के कौशल मेहरा एवं निर्मल मंगवानी ने बताया कि श्रावण मास में शिव महापुराण कथा श्रवण एवं पार्थेश्वर शिवलिंगों का निर्माण कर पूजन करने वालों को भगवान भोलेनाथ की अपार कृपा तो प्राप्त होती है साथ ही अकाल मृत्यु के भय से मुक्ति के साथ अखंड लक्ष्मी की प्राप्ति होती है। मनुष्य के अर्थ, काम, चतुर्वेद मनोरथ पूर्ण होते हैं। यह आयोजन सिहाड़ा रोड मेडिकल कालोनी स्थित सिद्धेश्वर शिव मंदिर प्रांगण में श्रावण शुक्ल अष्टमी शुक्रवार 01 अगस्त से श्रावण शुक्ल त्रयोदशी गुरूवार 07 अगस्त तक किया जाएगा। आनंद उत्सव समिति के कौशल मेहरा,अवधेश जी दीक्षित, मनीष डाले, आशीष शर्मा, डाबी कपूर, आशीष अग्रवाल, लालू रघुवंशी, राजू वर्मा,पंडित आशीष गीते, सोहन मालवीया, निर्मल मंगवानी, राजु चतुर्वेदी,धर्मेंद्र सिंग चौहान, हरीश सोनी, किरण दुबे, मंजू यादव, संध्या पांडे, नेहा कटारे, जानकी अग्रवाल, वर्षा डाले, नीलम मेहरा, ममता मालवीया, निधी राजवेध, शोभा कदम, अंजू चौहान, सुनीता बछानिया, पिंकी मालवीया, माया सरावगी, गंगोत्री राठौर, हिमानी माहेश्वरी, निरुपमा सिंग सहित समस्त सदस्यों द्वारा सभी धर्मप्रेमी जनता से शिव महापुराण कथा एवं पार्थेश्वर निर्माण पूजन के इस पुण्य आयोजन में उपस्थित होने का अनुरोध किया है।

### श्री ममलेश्वर प्रबंधन समिति की बैठक 28 जुलाई को होगी

**खंडवा।** ओकारेश्वर में स्थित ममलेश्वर मंदिर की नवगठित प्रबंधन समिति की पहली बैठक 28 जुलाई को प्रात: 11 बजे होगी। एसडीएम पुनासा एवं ममलेश्वर मंदिर प्रबंधन समिति के सदस्य सचिव शिवम प्रजापति ने बताया कि यह बैठक एकात्मक धाम परियोजना कार्यालय ओंकारेश्वर में आयोजित की गई है। इस बैठक में ममलेश्वर मंदिर में पूजा के समय एवं परम्पराओं पर चर्चा की जाएगी। इसके साथ ही मंदिर परिसर में सी.सी.टी.वी. के संचालन, मंदिर में दर्शनार्थियों की व्यवस्था, प्रोटोकॉल व्यवस्था, मंदिर में नियुक्त कर्मचारियो के मानदेय, मंदिर में विकास कार्य करवाने की प्रकिया के संबंध में चर्चा की जाएगी।

### जिला न्यायालय में बीमारियों से बचने के लिए प्रशिक्षण दिया



**खंडवा।** जिला न्यायालय खंडवा में मौसमी बीमारियों, सड़क दुर्घटना तथा हार्ट अटैक की स्थिति में मरीज की जीवन रक्षा के लिए उपयोगी प्राथमिक उपचार तकनीकों के संबंध में शनिवार को प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण में एम.डी.मेडिसिन डॉ. रंजीत बडोले ने प्रतिभागियों को डमी के माध्यम से जीवन रक्षक तकनीक की जानकारी देते हुए बताया कि यह एक प्राथमिक चिकित्सा तकनीक है जिसका उद्देश्य जीवन को बचाना और आपातकालीन स्थितियों में व्यक्ति की स्थिति को स्थिर करना है। यह सीपीआर तकनीक विशेष रूप से कार्डियक अरेस्ट की स्थिति में महत्वपूर्ण होती है। सिविल सर्जन डॉक्टर अनिरुद्ध कौशल ने इस अवसर पर बताया कि हृदयाघात होने पर सीपीआर तकनीक का उपयोग करें और तुरंत एम्बुलेंस बुलाएं। डॉ. नितिन कपूर द्वारा मौसमी बीमारियों से बचाव एवं उपचार के संबंधी जानकारी दी गई।


### केन्द्रीय दल ने सैयदपुर खैगावड़ा व छिरवेल के अस्पताल की स्वास्थ्य सुविधाओं का वर्चुअली जायजा लिया




**खंडवा।** केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय की राष्ट्रीय गुणवत्ता मूल्यांकन प्रणाली की टीम ने शनिवार को विकासखण्ड छैगांवमाखन के उपस्वास्थ्य केन्द्र सैयदपुर खैगावड़ा व छिरवेल में स्वास्थ्य सुविधाओं का वर्चुअली मूल्यांकन किया। मूल्यांकन टीम में नेशनल असेसर डॉ. अरुणजीत रॉय व डॉ. दीपांजन चौधरी ने ओ.पी.डी. कक्ष, दवा वितरण कक्ष, प्रसव कक्ष, स्टोर कक्ष, प्रयोगशाला कक्ष, वार्ड में साफ सफाई व रिकार्ड संधारण एवं मरीजों की दी जाने वाली स्वास्थ्य सेंवाओं का वर्चुअली मूल्यांकन किया। साथ ही इन अस्पतालों में मरीजों को दी जाने वाली स्वास्थ्य सुविधा के संबंध में स्थानीय डॉक्टर्स से पूछताछ की। इस दौरान बीएमओ डॉ. योगेश सोनी, क्वालिटी मॉनिटर अंकिता भावे, बी.पी.एम, बी.सी.एम, सी.एच.ओ., ए.एन.एम., आशा कार्यकर्ता मौजूद थे।

### जिला पंचायत सदस्य ने किया नर्मदा नगर छात्रावास का निरीक्षण





**मून्दी।** जिला पंचायत सदस्य व जिला पंचायत शिक्षा समिति सदस्य पल्लवी राजबहादुर सिंह राठौर ने अनुसूचित जाति सीनियर बालक छात्रावास का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने विद्यार्थियों से चर्चा की व उनको मिल रही सुविधाओं के विषय में जानकारी ली। छात्रावास संचालन में आवश्यक सुविधाओं हेतु अधीक्षक राजकुमार रायकवार को दिशा निर्देश दिए। छात्रावास में अतिरिक्त कक्षों की आवश्यकता हेतु जिला पंचायत शिक्षा समिति बैठक में प्रस्ताव रखने की बात कही। इसके पश्चात उन्होंने माधमिक विद्यालय नर्मदा नगर का भी आकस्मिक निरीक्षण किया। विद्यार्थियों के लिए खेल सुविधाएं बढ़ाने हेतु सहयोग देने की बात की। दोनों परिसरों में अन्य सुविधाओं को संतोषजनक बताया। इस अवसर पर राजबहादुर राठौर, सेवक राम खंडाते, सुनील भास्कले व समस्त स्टाफ मौजूद रहा।

# 32 असामाजिक तत्वों पर प्रतिबंधात्मक कार्रवाई

नवभारत न्यूज

**खंडवा। पुलिस अधीक्षक खंडवा मनोज कुमार राय के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (शहर) महेंद्र तारणेकर व अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) राजेश रघुवंशी के मार्गदर्शन में 12 गिरफ़्तारी वारंट, 04 स्थाई वारंट, 28 जमानती वारंट, 84 समन जिले के विभिन्न थानों के द्वारा अलग-अलग न्यायालय के तामील किये गए।**

**जिले मे अवैध शराब बिक्री करने वाले आरोपियों सहित यातायात नियमों के उल्लंघन पर वाहन चालकों के विरुद्ध हुई कार्रवाई**



जिले के विभिन्न थानों में 32 असामाजिक तत्वों के विरुद्ध प्रतिबंधात्मक कार्रवाई की गई है। धारा 126/135 बीएनएसएस के तहत 21 प्रकरणों मे 26 अनावेदकों के विरुद्ध, धारा 170 बीएनएसएस के तहत 06 प्रकरण मे 06 अनावेदकों के विरुद्ध अनावेदकों के विरुद्ध कार्रवाई की गई है। जिले में 26 अनावेदकों के विरुद्ध बाउंड ओवर की कार्रवाई की गई है

अवैध शराब विक्रेताओ के विरुद्ध कार्रवाई करते हुए थाना पंधाना के आरोपी जहूरूद्दीन पिता नूर मोहम्मद जाति तेली उम्र 43 साल निवासी गोराडिया के कब्जे से 24 अवैध देशी प्लेन मदिरा शराब कीमती 1920/-रूपए की जप्त की गई।

थाना मूंदी के आरोपी बाबुलाल पिता बरजोर सोलंकी जाति भीलाला उम्र 57 वर्ष निवासी ग्राम भैसावा के कब्जे से 10 ली. कच्ची हाथ भट्टी महुआ शराब कीमती 1000/-रुपए की जप्त की गई।

थाना मांधाता के आरोपीगण निर्मल पिता चिंताराम भोगरे उम्र 23 साल जाति भीलाला नि जलकुंआ एवं विकास पिता हिरालाल डावर उम्र 17 साल जाति भीलाला नि चापड के कब्जे से देशी प्लेन शराब की दो पेटी कुल 100 क्वार्टर एवं 24 क्वार्टर आर.एस. अंग्रेजी शराब व 12 नग बियर कीमती 15080 रू. की एवं बिना नंबर हिरो डिलक्स मोटर सायकल जप्त की गई। उपरोक्त सभी आरोपियो के विरुद्ध धारा 34(1) आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की गई।

जिला खंडवा मे समस्त थाना प्रभारियों द्वारा यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले दो पहिया एवं चार पहिया वाहन चालको के विरुद्ध बिना नंबर प्लेट, तीन सवारी, बिना हेलमेट, सीट बेल्ट ना लगाने वाले तथा अन्य यातायात नियमो का उल्लंघन करने वाले 14 वाहन चालकों के विरुद्ध एम.व्ही. एक्ट के तहत कार्रवाई की गई एवं समन शुल्क 5100/-रुपए वसूल किए गए है। उप पुलिस अधीक्षक यातायात द्वारा जिले के समस्त नागरिकों से यातायात नियमों का पालन करने की अपील की गई है।

# श्री नंदेश्वर महादेव से ब्रह्मगीर के लिए निकली कावड़ यात्रा



नवभारत न्यूज

**खंडवा।** श्रावण मास में कांवड़ का बहुत महत्व माना गया है। ऐसे में कई शिव भक्त कावड़ यात्रा के माध्यम से पवित्र नदियों का जल भर भोलेनाथ को अर्पित करते है। सैकड़ो किलोमीटर पैदल चलकर कावड़ यात्री भगवान भोलेनाथ के जयकारे लगाते हुए आस्था और श्रद्धा के साथ आगे बढ़ते है। इन कावड़ यात्रियों की सेवा के लिए रास्ते में कई भक्त उन्हें स्वल्पाहार पानी, चाय और कई प्रकार की सेवाएं देते हैं।

समाजसेवी सुनील जैन ने बताया कि रविवार को खंडवा की श्री नंद विहार कॉलोनी से पुरुषों की कावड़ यात्रा भगवान श्री नंदेश्वर महादेव मंदिर से सुबह 7.00 बजे ब्रह्मगीर महाराज के लिए निकली। अमलपुरा में यात्रा का पहला पड़ाव हुआ जहां पंचायत भवन में सभी कावड़ियों को स्वल्पाहार कराया गया। यहां से यात्रा प्रस्थान कर दाना बाबा मंदिर पहुंची, जहां पूजा अर्चना कर खंडवा की ओर रवाना हुई। यात्रा का दूसरा पड़ाव जूनापानी में हुआ। यहां थोड़ी देर विश्राम कर आगे प्रस्थान किया।

रास्ते में पावर ग्रिड पर यात्रियों को शिव भक्तों की ओर से चाय एवं उसके आगे नमकीन छाछ का वितरण किया गया। यहां से यात्रा सीधे खंडवा पहुंची। कालोनी में प्रवेश के पहले विनायक रेसीडेंसी के पास श्री नंद विहार कालोनी की मातृशक्ति और परिजनों ने यात्रियों का ढोल ढमाके और पुष्प वर्षा कर स्वागत किया। यहां से सभी कॉलोनीवासी श्री नंदेश्वर महादेव मंदिर पहुंचे जहां ब्रह्मगीर महाराज से कावड़ में लाए पवित्र गंगा जल से भगवान का अभिषेक कर आरती की गई।

### साइकिलिंग अभियान का आयोजन



**नर्मदानगर।** इंदिरा सागर पावर स्टेशन एन एचडीसी के तहत बांध सुरक्षा में कार्यरत केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल द्वारा प्रात: प्रात: खेलो इंडिया योजना और फिट इंडिया पहल के अंतर्गत एक साइकिलिंग अभियान का आयोजन किया गया। सीआईएसएफ के सभी बल सदस्यों ने भाग उत्साह पूर्वक लिया। निरीक्षक बीके गुप्ता एवं उप निरीक्षक के पीएस राठौर ने बताया कि युवा एवं खेल मंत्रालय के निर्देशों के अनुरूप यह कार्यक्रम का आयोजन किया गया। करीब 30 किलोमीटर दायरे में साइकिलिंग अभियान किया गया।

खेलों को बढ़ावा देने के लिये बनाए 180 नोडल खेल केन्द्र

# शिक्षा विभाग का स्पोर्टस् मैनेजमेंट सिस्टम तैयार

नवभारत न्यूज

**खंडवा। स्कूल शिक्षा विभाग ने एजुकेशन पोर्टल की तर्ज पर स्पोर्टस् मैनेजमेंट सिस्टम तैयार किया है। डिजिटल प्लेटफार्म के माध्यम से विभाग की खेलकूद शाखा की गतिविधियों, प्रतियोगिता के आयोजन और उससे संबंधित पत्राचार को पेपरलेस कर दिया गया है। इस प्रकिया के चलते खेलों से जुड़ी प्रक्रिया को पारदर्शी बनाया गया है।**

शिक्षा विभाग के अंतर्गत मान्यता प्राप्त एमपी बोर्ड के विद्यालय, सीबीएसई के ऐसे स्कूल जो स्कूल गेम्स फेडरेशन ऑफ इंडिया के और स्कूल शिक्षा विभाग के तत्वावधान में आयोजित विभिन्न खेलों की प्रतियोगिता में शामिल होना चाहते हैं। वे इस पोर्टल पर निश्चित पंजीयन शुल्क के साथ आवश्यक अभिलेख अपलोड करते हुए पंजीयन करा सकते हैं। पंजीयन 14 से 19 वर्ष से कम आयु वर्ग की प्रतियोगिताओं के लिये एक ही बार कराना होगा। स्पोर्टस् मैनेजमेंट सिस्टम में प्रति वर्ष आवश्यकतानुसार अपग्रेड किये जाने की सुविधा प्रदाय की गई है। विद्यालय में अध्ययनरत नियमित खिलाड़ियों की दर्ज संख्या के मान से क्रीड़ा शुल्क का संकलन इसी पोर्टल के माध्यम से किये जाने की सुविधा दी गई है जो स्वत: ही संचालनालय, संयुक्त संचालक, संभाग एवं जिला शिक्षा अधिकारी के खाते में शासन द्वारा निर्धारित प्रतिशत के अनुसार अंतरित हो जाता है। यह व्यवस्था खेलों में निष्पक्षता, पारदर्शिता और खिलाड़ियों की आयु के बारे में प्रमाणीकरण के साथ अपात्र खिलाड़ी को किसी भी स्तर पर प्रतियोगिता में शामिल होने से रोकता है।

### 180 नोडल खेल विद्यालय प्रशिक्षण केन्द्र बनाए गए

सरकारी स्कूलों में विद्यार्थियों को उच्च स्तर की खेल सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिये प्रदेश में स्थित शासकीय विद्यालयों में 180 नोडल खेल केन्द्रों की स्थापना की गई है। इन केन्द्रों के माध्यम से खेल अधोसंरचना के साथ उत्कृष्ट स्तर की खेल सामग्री खेल प्रशिक्षण की सुविधा उपलब्ध कराई गई है। पिछले वर्ष 500 खिलाड़ियों ने राज्य और संभाग स्तरीय प्रतियोगिता में सहभगिता की और इसमें 600 पदक प्राप्त किये। राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिताओं में भी प्रदेश के खिलाड़ियों का प्रदर्शन उत्कृष्ट रहा है।

**तीसरी महासवारी** | **भगवान ओंकारेश्वर,ममलेश्वर की पालकी यात्रा में रंग गुलाल न उड़ाएं बल्कि फूलों की पंखुड़ियों से करे स्वागत**

# श्रावण मास : तीसरी महासवारी आज धूमधाम से निकलेगी



नवभारत न्यूज

**ओंकारेश्वर। ओंकारजी महाराज अपराह्न 3 बजे कोटि तीर्थ घाट पर पहुंचेंगे। ओमकार जी महादेव भगवान का विद्वान पंडितों द्वारा वेद मंत्र के साथ महाभिषेक किया जाए। 251 लीटर दूध, दही, शहद,घी,शक्कर से ओंकारेजी महाराज का षोडशोपचार पूजा अभिषेक विद्वान पंडितों द्वारा गगन भेदी मंत्रों चार के साथ संपन्न कराया जाएगा।**

महाआरती के साथ महाभिषेक संपन्न होगा एवं इस अवसर पर गुलाल और गुलाब की पंखुड़ी उड़ाई जाएगी। पवित्र नर्मदाजी में सजी हुई नौका ओ में नौका भ्रमण कराया जाएगा।

दक्षिण तट परश्री ममलेश्वर मंदिर में महाश्रृंगार किया जाएगा। 4.00 बजे सजी हुई पालकी में सवार होकर गौ मुख घाट में सवार होकर श्री ममलेश्वर महाराज धूमधाम से ढोल की थाप पर मंदिर से निकलेंगे।

दोनों पालकियों को नर्मदाजी में नौका विहार कराया जाएगा। दोनों पालकियों को गौ मुख घाट पर उतारा जाएगा, दोनों पालकियों के साथ हजारों भक्त भोले शंभू भोले नाथ का उद्घोष करते हुए 51 ढोल की थाप पर भाव विभोर होकर नाचते रहेंगे। पालकियों को धूमधाम और श्रद्धा के साथ आगे बढ़ाते हुए काशी विश्वनाथ बालवाड़ी ,पुराना बस स्टैंड ,मुख्य मार्ग से जेपी चौक से पुराना पुल पार कर मुख्य बाजार होकर रात्रि 10 बजे वापिस मंदिर पहुंचेगी।



### मंदिर प्रशासन ने श्रद्धालुओं से की अपील

तीर्थनगरी ओंकारेश्वर में श्रावण माह में हर सोमवार को निकलने वाली भगवान भोलेनाथ की विशेष सवारी में अब गुलाल उड़ाने पर पाबंदी लगाते हुए गुलाब या अन्य फूलों की पंखुड़ियां का उपयोग करने की अपील मंदिर प्रशासन ने नागरिकों से की है। एसडीएम पुनासा शिवम प्रजापति ने बताया कि गुलाल उड़ाने पर प्रतिबंध का निर्णय तीर्थयात्रियों, महिला भक्तों, बच्चों व बुजुर्गों के हितों और उनकी धार्मिक भावनाओं को ध्यान में रखकर लिया गया है। उन्होंने बताया कि सवारी के दौरान कई असामाजिक तत्व गुलाल भगवान पर चढ़ाने की बजाय महिला, बच्चों, और यात्रियों को टारगेट कर गुलाल उड़ाते है। ओंकारेश्वर भगवान की सवारी में शामिल होने वाले भक्तों की संख्या में लगातार इजाफा हो रहा है। गुलाल में रंगे असमाजिक तत्वों को पहचान पाना भी मुश्किल होता है। एसडीएम शिवम प्रजापति ने श्रद्धालुओं से अपील की है कि यात्रा में केवल फूलों की पंखड़ियों का ही उपयोग करें, रंग या गुलाल न उड़ाएं। उन्होंने बताया कि भक्तगण पूजन सामग्री के रूप में भगवान भोलेनाथ पर गुलाल चढ़ा सकते हैं, गुलाल उड़ाने पर पाबंदी रहेगी।